Seventeenth Loksabha

clear=all style='page-break-before:always'>

Title: Need to run Sainik Express (Train No. 14021/22) with adequate No. of coaches and provide stoppage of Aravali Express at Bissau Railway Station, Rajasthan.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): सभापति महोदय, झुंझुनूं जिला सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है एवं शेखावाटी इलाके का महत्वपूर्ण भाग है। यहां से हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन रेल से यात्रा करते हैं। गाड़ी संख्या 14021/14022 सैनिक एक्सप्रेस में केवल 14 डिब्बे हैं, जिससे लोगों को जगह न मिलने की वजह से भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं।... (व्यवधान) गाड़ी संख्या 14021/14022 सैनिक एक्सप्रेस को फुल लोड (1 ए.सी. कोच सहित) 24 कोच से चलाया जाए तथा बिसाऊ रेलवे स्टेशन पर अरावली एक्सप्रेस (श्रीगंगानगर से बान्द्रा ट्रेन सं.14701/14702) सहित लम्बी दूरी की एक भी ट्रेन का ठहराव नहीं होने के कारण हजारों की संख्या में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बिसाऊ रेलवे स्टेशन पर अरावली एक्सप्रेस श्रीगंगानगर से बान्द्रा ट्रेन सं. 14701/14702 का ठहराव करवाया जाए।... (व्यवधान)